भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

21.07.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 307 का उत्तर

सिग्नलिंग सिस्टम में खामियां

307. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने फरवरी, 2023 में एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी के सिग्नल फेल होने पर चिंता व्यक्त की थी और सिग्नल प्रणाली की गंभीर खामियों को उजागर किया था;

(ख) यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान वर्ष-वार कुल कितनी बार सिग्नल फेल हुए हैं , तत्संबंधी ब्यौरा क्याग हैऔर

(घ) रेलवे द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं ?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क), (ख) और (घ):

1. 8 फरवरी 2023 को दक्षिण पश्चियम रेलवे के सिगनल इलेक्ट्रॉुनिक सिगनल मैंटेनर (ईएसएम) होसदुर्ग स्टेरशन पर अप मेन लाइन के ब्लॉवक प्रूविंग एक्सर काउंटर को अटैंड कर रहे थे।
2. ईएसएम और उनके सहायक ने निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जिसके कारण यह अप्रिय स्थिऔति हुई।
3. गाड़ी को अप मेन लाइन पर कॉमन लूप की ओर से शुरू होना था। लोको पायलट को इस अप्रिय स्थिकति का पता लगा और उन्हों्ने तत्काोल सुधारक कार्रवाई के लिए स्टेाशन मास्ट्र को सूचित किया। परिणामस्वउरूप कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। बहरहाल , सिगनल प्रणाली में कोई खराबी नहीं थी।

4. सामान्य त: परिचालन विभाग किसी भी प्रकार की असामान्यह स्थि ति की सूचना संबंधित इंजीनियरी विभाग को देता है। इस मामले में भी परिचालन विभाग के अधिकारी (प्रधान मुख्यि परिचालन प्रबंधक , दक्षिण पश्चिवम रेलवे) ने सिगनल एवं दूरसंचार विभाग अधिकारी (प्रधान मुख्यक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, दक्षिण पश्चि म रेलवे) को इस अप्रिय स्थिति की सूचना दी।
5. तदुपरांत स्टाकफ पर अनुशासनात्मंक नियमों के अंतर्गत कार्रवाई करने से इतर:

(क) सिगनल अनुरक्षण और उसकी खराबियों को ठीक करते समय यथोचित एवं निर्धारित कार्यपद्धति को अपनाने हेतु कर्मचारियों की काउंसलिंग के लिए गहन संरक्षा अभियान चलाए गए।

(ख) रोलिंग ब्लॉक की अवधारणा शुरू की गई थी जिसमें अनुरक्षण/मरम्मत/प्रतिस्थापन के कार्य की नियमित आधार पर अग्रिम तौर पर 2 सप्ताअह की योजना बनाई जाती है और इसे योजना के अनुसार निष्पा्दित किया जाता है।

(ग) नियमित संरक्षा निरीक्षणों के अलावा सभी रिले रूम और आउटडोर लोकेशन के विवरणों की साइट एवं ड्राइंग के साथ सत्यता के सत्यापन के लिए गहन संरक्षा अभियान प्रगति पर हैं।

(ग): पिछले पांच वर्षों में सिगनल विफलताओं के परिणामस्वभरूप कुल 13 घटनाएं हुईं।

वर्ष	घटनाएं	इनमें से परिणामी दुर्घटनाएं	जिनमें मृत्यु हुई
2018-19	3	3	0
2019-20	4	2	0
2020-21	0	0	0
2021-22	1	1	0
2022-23	5	1	0

*****